दिनांक 1 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

दानदाताओं द्वारा दिए गए राशन सामग्री अत्यंत जरूरतमंदों को किए जाएंगे वितरण

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत ऐसे व्यक्ति जो वाकई में राशन सामग्री की जरूरत रखते हैं उन्हें निगम में उपलब्धता के तहत राशन मुहैया कराए जाने की संपूर्ण तैयारी की जा चुकी है तथा जोन क्षेत्र में राशन भेज दिया गया है प्रत्येक जोन में दानदाताओं से प्राप्त राशन सामग्री जिसमें चावल, दाल, तेल, आटा, प्याज, आलू, गुड, नमक, पोहा, मसाला, हल्दी, एवं मिर्ची शामिल है अत्यंत जरूरतमंदों को प्रदाय किया जाएगा और प्रदाय किए जाने के बाद इसका रिकॉर्ड भी रखा जाएगा! ऐसे जरूरतमंद लोग जिन्हें वाकई में राशन की जरूरत है उनके पास किसी भी प्रकार की राशन लेने की व्यवस्था नहीं है, राशन लेने के लिए पैसे नहीं है , भूखे हैं, गरीब है, लाचार है, उन्हें प्रदाय किया जाएगा! दानदाताओं द्वारा दिए गए राशन जरूरतमंदों को ही मिले इसके सख्त निर्देश जोन के अधिकारियों को दिए गए हैं!

जनसंपर्क अधिकारी